कार्यालय अध्यक्ष–एवं–उप मण्डल दण्डाधिकारी, नलवाड एवं देवता मेला समिति, धर्मपुर, जिला मण्डी, हि०प्र०

क्रमांक–उ०म०अ०(ना०) धर्मपुर/मेला/2023–1598-1603 दिनांक 21, मार्च, 2023

"निविदा सूचना"

नलवाड एवं देवता मेला–2023 जो दिनांक 04 अप्रैल, 2023 से 09 अप्रैल, 2023 तक मनाया जा रहा है के दौराननिकलने वाली शोभा यात्रायों व मेले की अन्य गतिविधियों की **फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी** हेतू निविदाएं आमन्त्रित की जाती है जो **दिनांक 25.03.2023 समय प्रातः11:30 बजे** अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मोहरबन्द लिफाफे में प्राप्त हो जानी चाहिए तथा प्राप्त निविदाएं उसी दिन प्रातः 11:45 बजे गठित समिति द्वारा निविदाताओं के समक्ष या अनुपस्थिति में खोली जाएगी तथा जिस निविदाता का मूल्य सबसे न्यूनतम होगा उसे आपूर्ति आदेश जारी किया जाएगाः–

नियम व शर्तें

1. निविदा में निविदा दरें समस्त करों सहित दर्शाई हों।
2. निविदाता को निविदा के साथ धरोहर राशि 10000/– रूपये बैंक ड्राफ्ट द्वारा जमा करवानी होगी।
3. फोटोग्राफी हेतू सफल निविदादाताओं को चुन्निदा फोटो की आवश्यकता अनुसार शीटें (इण्डिको) मैट पेपर मे तैयार करनी होगी व इसकी एलबम भी तैयार करके देनी होगी। सुबह से लेकर देर रात तक सॉस्कृतिक कार्यक्रमों सहित विडियो कवरेज करनी होगी। अतिरिक्त शीट के लिए प्रति शीट निविदा दी जानी अनिवार्य है।
4. सफल निविदाता को एलबम तैयार करने से पहले फोटो की सी०डी० अथवा डी०वी०डी० तैयार करनी होगी व अधोहस्ताक्षरी द्वारा उसमें से चुने गये फोटो की एलबम आवश्यकता अनुसार तैयार करनी होगी।
5. एलबम का साईज 12"x18" होगा।
6. एलबम का कवर हार्ड वांईडिन्ग में तैयार करना होगा, जिसके लिए अलग से कोई राशि देय नहीं होगी।
7. निविदादाता चाहे तो गत वर्ष तैयार की गई एलबम का नमूना इस कार्यालय में देख सकते हैं।
8. अधोहस्ताक्षरी को यह अधिकार होगा कि वह बिना कारण बताये किसी भी समय निविदा को अस्वीकार अथवा निविदा की तिथि व समय में परिवर्तन कर सकता है।

अध्यक्ष (एस०डी०एम०),
नलवाड एवं देवता मेला कमेटी,
धर्मपुर, जिला मण्डी हि० प्र०
दिनांक 21-03-2023

पृ०संख्या –उपरोक्त/2023–1598-1603

प्रतिलिपि निम्न को प्रेषित हैः–

1. इस कार्यालय, तहसील कार्यालय धर्मपुर, सन्धोल, खण्ड विकास अधिकारी धर्मपुर व उप तहसील कार्यालय टिहरा व मण्डप के सूचनापट्ट पर व्यापक प्रचार एवं प्रसार हेतु प्रेषित है।
2. सहायक लोक सम्पर्क अधिकारी कार्यालय सरकाघाट को भेजकर अनुरोध है कि नीलामी सूचना से सम्बन्धित समाचार, समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाने की कृपा करें।

अध्यक्ष (एस०डी०एम०),
नलवाड एवं देवता मेला कमेटी,
धर्मपुर, जिला मण्डी हि० प्र०

Scanned with CamScanner